संवाद पत्र
पूर्वोत्तर सीमा रेल
निर्माण संगठन
अंक 40 वर्ष : दसवां त्रैमासिक अक्तूबर, 2016

## स्वतंत्रता दिवस समारोह, 2016



पूर्वोत्तर सीमा रेल/निर्माण में 70वॉं स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्री एच.के.जग्गी महाप्रबंधक/पू.सी.रेल/निर्माण ने संगठन परिसर में ध्वजारोहन किया एवं उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। अपने संबोधन में उन्होंने गर्व महसूस करते हुए कहा की निर्माण संगठन बंगाल, बिहार एवं सिक्किम के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के सुदूरवर्ती इलाकों में रेल संयोजन के विकास के उद्धेश्य को पूरा करने की ओर अग्रसर है। उन्होंने संगठन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी जिनके सराहनीय योगदान के कारण निर्माण संगठन ने दिनांक 31-03-2016 तक 960.20 कि.मी. नई लाइनें, 2802.25 कि.मी. आमान परिवर्तन, 419.74 कि.मी. दोहरीकरण तथा जोगीघोपा एवं तेजपुर में ब्रह्मपुत्र नद पर 2 बड़े मेगा पुलों के निर्माण का कार्य संभव हो पाया है। वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान निर्माण संगठन ने 545.17 कि.मी. बीजी नेटवर्क चालू करने का लक्ष्य रखा था, जिसके अंतर्गत 285.05 कि.मी. आमान परिवर्तन तथा 8.12 कि.मी. दोहरीकरण समाहित है। वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान अगरतला-बदरपुर, कटाखाल-भैरवी, अरूणाचल -जिरिबाम और हाल ही में पूरे किए गए न्यू-मयनागुड़ी-जोगीघोपा नई लाइन परियोजना के न्यू चैंग्राबंधा-न्यू कूचबिहार (70.00 कि.मी.) तथा वाई कनेक्शन (6.5 कि.मी.) जलपाईगुड़ी रोड-मैनागुड़ी रोड - न्यू दोमोहिनी में यात्री गाड़ी का शुभारंभ किया जा चुका है। समारोह के दौरान उन्होंने स्वतंत्रता दिवस, 2016 के अवसर पर आयोजित चित्रांकन प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों तथा उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए निर्माण संगठन के विभिन्न विभागों को पुरस्कार प्रदान किया। अंत में एक रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

## होजाई-लमडिंग रेल खण्ड के दोहरीकरण परियोजना का शिलान्यास



दिनांक 02.09.2016 को केन्द्रीय रेल राज्यमंत्री, श्री राजेन गोहाईं ने श्री सर्वानंद सोनोवाल, मुख्यमंत्री, असम के साथ लमडिंग-होजाई (44.92 कि.मी.) रेल खण्ड के दोहरीकरण कार्य का शिलान्यास किया।

गुवाहाटी-लमडिंग सेक्शन को वर्ष 1993-94 में बड़ी लाइन में परिवर्तित किया गया था। तब से इस सेक्श्न में यात्री तथा मालगाड़ियों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। वर्ष 2015 में लमडिंग-गुवाहाटी और वर्ष 2016 में बदरपुर-अगरतला के बीच गाड़ियों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हुई है। लमडिंग-होजाई (45 कि.मी.) सेक्शन के दोहरीकरण का कार्य वर्ष 2012-13 के पिंक बुक में सम्मिलित किया था गया तथा इस कार्य का विस्तृत प्राक्कलन 398.93 करोड़ रूपए की लागत से वर्ष 2015-16 में स्वीकृत की गई।

लमडिंग और होजाई सेक्शन के बीच ढालपुखरी, लंका, हवाईपुर, लमचाखंग और पाथरखोला नाम के कुल पांच स्टेशन हैं। लमडिंग के अलावा अन्य सभी स्टेशनों में यार्ड नवीनीकरण तथा स्टेशन भवन का निर्माण किया जाएगा। प्रत्येक स्टेशन उच्च स्तरीय होने के साथ-साथ पैदल ऊपरी पुल से संबंद्ध रहेगा। यह दोहरी लाइन सेक्शन 110 कि.मी. प्रतिघंटा के योग्य होगी तथा प्रति कि.मी. 1660 घनत्व के साथ ही कंक्रीट स्लीपरों में 60 के.जी. रेल बिछा रहेगा। तीन मानव सहित समपार को सड़क ऊपरी पुल में तब्दील किया जाएगा तथा दोहरीकरण कार्य के दौरान 13 अदद स्थायी स्पीड नियंत्रक को हटा लिया जाएगा। दोहरीकरण कार्य दिनांक 01-09-2016 से शुरू किया जा चुका है और 2018-19 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

संरक्षक
श्री एच. के. जग्गी
महाप्रबंधक/निर्माण

मुख्य संपादक
श्री अनिल कुमार
मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि.

संपादक
श्री रवि भूषण
उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि.

सहयोग
श्रीमती रंजु झा
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी/नि.

## माननीय रेल राज्यमंत्री का बोगीबिल पुल का दौरा



दिनांक 07-09-2016 को माननीय रेल राज्यमंत्री श्री राजेन गोहाई ने बोगीबिल रेल-सह-सड़क पुल के कार्यस्थल का दौरा किया और परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। श्री गोहाई के साथ श्री एच.के.जग्गी, महाप्रबंधक/निर्माण और निर्माण संगठन के कई उच्च अधिकारी भी शामिल थे।

## सी आर एस का निरीक्षण



लमडिंग मंडल के अंतर्गत अगरतला से सबरूम नई लाइन परियोजना के अगरतला से उदयपुर सेक्शन (44 कि.मी.) में दिनांक 25-09-2016 को सीआरएस द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री एस.के.गरूड़, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/नि. भी उपस्थित थे।

## राधिकापुर (भारत) से बंगलादेश तक अंतर्राष्ट्रीय रेलवे रूट



दिनांक 14-09-2016 को राधिकापुर (भारत) से बंगलादेश तक अंतर्राष्ट्रीय रेलवे रूट के पुनःस्थापन का कार्य पूरा करते हुए राधिकापुर (भारत) से बंगलादेश के अंतर्राष्ट्रीय बार्डर तक रोलिंग इंजन चलाया गया। श्री भगवान सहाय मीणा, मुख्य इंजीनियर/नि.-V, ने हरी झंडी दिखाकर इसका शुभारंभ किया।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, गुवाहाटी (केंद्रीय कार्यालय-2) की वर्ष 2016 की दूसरी छमाही बैठक का आयोजन



नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, गुवाहाटी (केंद्रीय कार्यालय-2) की वर्ष 2016 की दूसरी छमाही बैठक दिनांक 07.09.2016 को 15.00 बजे पूर्वोत्तर सीमा रेल के अधिकारी क्लब, नामबाड़ी, मालीगांव, गुवाहाटी-11 में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ श्री अतुल मोहन, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी/निर्माण ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बैठक के उपाध्यक्ष श्री अनिल कुमार, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य इंजीनियर/निर्माण/VI, पूर्वोत्तर सीमा रेल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और श्रीमती रंजू झा, सदस्य सचिव तथा वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी/नि/पू.सी.रेल ने बैठक का संचालन किया। श्री अमन पुष्कर, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि. एवं उप मुख्य इंजीनियर/नि/समन्वय ने गुवाहाटी नगर के केंद्रीय कार्यालयों के राजभाषा हिंदी संबंधी रिपोर्ट पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस बैठक में गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग की ओर से श्री बी.एन. पांडे, सहायक निदेशक (पूर्वोत्तर), हिंदी शिक्षण योजना, उपस्थित थे। बैठक के सुअवसर पर आयोजित "राजभाषा प्रदर्शनी" में हिंदी के काम-काज में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अपर महानिदेशक (पू.क्षे.-II), केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, गड़चुक, गुवाहाटी कार्यालय को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप कुल 1000/ रू.(एक हजार रूपये) प्रदान करने की घोषणा की गई।



# राजभाषा पखवाड़ा समारोह - 2016 का आयोजन

पूर्वोत्तर सीमा रेल/निर्माण संगठन, मालीगांव में "राजभाषा पखवाड़ा समारोह 2016" का शुभारंभ दिनांक 01.09.16 को किया गया। श्री अनिल कुमार, मुख्य इंजीनियर/निर्माण/6 एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी/निर्माण ने दीप प्रज्ज्वलित कर राजभाषा पखवाड़ा समारोह का शुभारंभ किया तथा अपने संबोधन में उन्होंने अपने कार्यालय के दैनिक कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर श्री अमन पुष्कर, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि, श्री राजू दास, उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/सामान्य-2, श्रीमती रंजु झा, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी/नि, श्रीमती मुन मुन शर्मा, राजभाषा अधिकारी/नि तथा संगठन के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। दिनांक 01.09.2016 से 14.09.2016 तक आयोजित राजभाषा सप्ताह समारोह में संगठन द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए जैसे- रेल कर्मचारियों के लिए हिंदी निबंध प्रतियोगिता, हिंदी वाक् प्रतियोगिता, हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता, ग्रुप 'डी' कर्मचारियों के लिए हिंदी भाषा ज्ञान प्रतियोगिता तथा बच्चों के लिए हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता तथा अधिकारियों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि।



दिनांक 14 सितम्बर, 2016 को "हिंदी दिवस" के सुअवसर पर श्री आर.पी. जिंगर, मुख्य इंजीनियर - I/नि. ने सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों का स्वागत किया। श्री एच.के. जग्गी, महाप्रबंधक/निर्माण ने दीप प्रज्ज्वलित कर "हिंदी दिवस" समारोह का उद्घाटन किया तथा उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी। श्री जग्गी ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी भाषा के प्रति प्रेम और सम्मान प्रकट करना हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है तथा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ाने के लिए हमें निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होने सभा में उपस्थित सभी अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करें और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी प्रेरित करें।

समारोह का समापन महाप्रबंधक/नि द्वारा हिंदी पखवाड़े में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान करने के साथ ही श्री अमन पुष्कर, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/निर्माण द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से किया गया।

# क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक



पूर्वोत्तर सीमा रेल (निर्माण संगठन) की (जुलाई -सितंबर, 2016) तिमाही के लिए आयोजित क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 17.10.2016 को श्री एच.के. जग्गी, महाप्रबंधक/निर्माण की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की कार्यवाही का संचालन श्रीमती रंजु झा, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी/निर्माण ने किया। बैठक का शुभारंभ श्री अनिल कुमार, मुख्य राजभाषा अधिकारी (निर्माण) एवं मुख्य इंजीनियर/निर्माण-VI ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए किया। मुख्य राजभाषा अधिकारी/निर्माण ने अध्यक्ष महोदय एवं रेलवे बोर्ड द्वारा नामित राजभाषा प्रेक्षक सदस्य डॉ. देवेनचन्द्र दास "सुदामा" जी का विशेष रूप से आभार प्रकट किया। श्री अमन पुष्कर, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि, ने जुलाई-सितंबर, 2016 तिमाही के लिए प्रतिवेदन "पॉवर प्वाइंट" पर प्रस्तुत किया। राजभाषा प्रेक्षक सदस्य डॉ. देवेनचन्द्र दास "सुदामा" जी ने कहा कि पूर्वोत्तर सीमा रेल निर्माण संगठन में हिंदी में सराहनीय कामकाज हो रहा है। इसके लिए उन्होंने विशेष रूप से महाप्रबंधक महोदय और सभी अधिकारियों को बधाई दिया। श्री एच.के. जग्गी, महाप्रबंधक/निर्माण, ने सभी सदस्यों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए कहा कि यह बैठक तिमाही के दौरान हिंदी के प्रसार-प्रचार के बारे में आने वाली कठिनाईयों और उन्हें दूर करने के उपायों की समीक्षा करने का मौका प्रदान करती है। अंत में महाप्रबंधक/निर्माण ने अपर महानिदेशक (पू.क्षे.-II), केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, गड़चुक, गुवाहाटी कार्यालय को हिन्दी में अच्छा काम करने के लिए दिनांक 07-09-2016 को आयोजित नराकास -2 की बैठक में घोषित सांत्वना पुरस्कार स्वरूप कुल 1000/ रू.(एक हजार रूपये) एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।





दिनांक 04-09-2016 को माननीय रेल राज्य मंत्री श्री राजेन गोहाईं की अध्यक्षता में महाप्रबंधक/निर्माण, श्री एच.के.जग्गी तथा महाप्रबंधक/ओपन लाइन, श्री चाहते राम एवं अन्य उच्च अधिकारियों के साथ पूर्वोत्तर सीमा रेल में चालू विभिन्न रेल परियोजनाओं की प्रगति पर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।



दिनांक 04-09-2016 को माननीय रेल राज्य मंत्री, श्री राजेन गोहाईं के साथ पूर्वोत्तर सीमा रेल में चालू विभिन्न रेल परियोजनाओं की प्रगति पर एक प्रेस मिटिंग आयोजित की गई।

## प्रशंसा पत्र

Ghanshyam Singh
GENERAL MANAGER

EASTERN RAILWAY
17, Netaji Subhas Road,
Kolkata - 700 001

दिनांक: 17.10.16

[illegible]

## प्रशंसा पत्र

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग

Govt. of India
Ministry of Home Affairs
Deptt. of Official Language
Regional Implementation Office (N.E.R.)
Rajgarh Road, Bye Lane No. 1
P.O. - Silpukhuri, Guwahati-781003
Tele. & Fax : (0361) 2524686

दिनांक 07.09.2016 [illegible]

गुवाहाटी-781011

[illegible]

## प्रशंसा पत्र

Government of India
Indian Audit and Accounts Department
OFFICE OF THE PRINCIPAL DIRECTOR OF AUDIT
N. F. Railway, Maligaon, Guwahati-781 011

[illegible]